an>

Title: Need to set up a Urban Health Centre under National Urban Health Mission in Buxar parliamentary constituency, Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर)ः हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर शहर अंतर्गत पुराना सदर अस्पताल को विगत पांच-छः वर्षों से बंद कर शहर से काफी दूर सुनसान जगह में नया सदर अस्पताल स्थानांतरित किया गया है, जिससे शहरवासियों को चिकित्सा कराने में भारी संकट का सामना करना पड़ता है, विशेषकर रात्रि में अचानक किसी की तबीयत खराब होने पर तथा महिलाओं के प्रसव हेतु काफी कष्ट उठाना पड़ता है। अतएव जनहित में केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय (शहरी) स्वास्थ्य मिशन (एन.यू.एच.एम.) अंतर्गत शहरी प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र बक्सर स्थापित किया जाये। साथ ही, दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए अत्याधुनिक संयंत्र के साथ एक "ट्रॉमा सेन्टर" भी पुराना सदर अस्पताल परिसर में स्थापित किया जाये।